# मॉयल को फाइव स्टार रेटिंग अवार्ड

■ नागपुर, व्यापार प्रतिनिधि. मैंग्नीज ओर इंडिया लि. (मॉयल) को सस्टेनेबल डेवलपमेंट फ्रेमवर्क (एसडीएफ) के लिए 5 स्टार रेटिंग अवार्ड प्रदान किया गया. खनन मंत्रालय द्वारा दिल्ली में आयोजित कान्क्लेव में पुरस्कार प्रदान किया गया. मॉयल को यह पुरस्कार कांद्री, चिकली, डोंगरीबुजुर्ग, गुमगांव और मनसर माइंस के लिए दिया गया. अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक एम. पी. चौधरी, निदेशक पी.वी.वी. पटनाइक, राजेश भट्टाचार्य ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी से पुरस्कार हासिल किए. 5 स्टार रेटिंग मिलने से न केवल महत्व बढ़ा है बल्कि इससे विभिन्न स्टेक होल्डरों का भी कंपनी के प्रति विश्वास बढ़ेगा.